न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पदेन सहायक कलक्टर, करेड़ा जिला–भीलवाड़ा (राज0)

केम्प ज्ञानगढ

पीठासीन अधिकारीः–रजनी माधीवाल, आर.ए.एस.

मुकदमा नम्बरः–330/2017 प्रार्थना पत्र

1. अरविन्द कुमार पिता कैलाश चन्द्र अग्रवाल नि. रिद्धि–सिद्धि अपार्टमेन्ट मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर

---प्रार्थीगण

बनाम

1. कल्याण मल पिता धनराज पुरोहित निवासी ज्ञानगढ़ तह0 करेडा जिला भीलवाडा
2. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार करेड़ा

---विपक्षी

प्रार्थना पत्र बाबत अंतर्गत धारा 251–ए राज.टिनेन्सी एक्ट 1955

उपस्थितः–

1– श्री टीरी जैन	–	अधिवक्ता–प्रार्थी
2– श्री एस के पालीवाल	–	अधिवक्ता–विपक्षी

:: निर्णय :: दिनांकः– 15.05.2018

प्रकरण में संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए रा0का0अधिनियम विरूद्ध विपक्षी पेश किया गया। प्रार्थना पत्र बाद जांच रजिस्टर किया जाकर विपक्षी को उजरदारी पेश करने हेतु न्यायालय द्वारा सम्मन जारी किया गया। सम्मन बाद तामील शामिल मिसल है।

पत्रावली आज राजस्व लोक अदालत शिविर ज्ञानगढ पर पेश हुई। तहसीलदार करेड़ा द्वारा पेश मौका रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी जिस आ.नं. 2570/2170 में से रास्ता चाहता है वहॉ पूर्व में कभी रास्ता नहीं निकलता था । आ.नं. 2120 में रास्ता आ.नं. 2130, 2929, 2127, 2121 तथा 2449/2121 में से होकर जाता था। वर्तमान में विपक्षी कल्याण मल पिता धनराज ने अपनी आराजी भूमि 4.00 बीघा में से तीन बीघा भूमि टुकड़ो में अन्य खातेदार को बेच दी प्रार्थी जहॉं से रास्ता चाह रहा है वह भूमि विपक्षी ने नारायण लाल पिता कल्याणमल को विक्रय कर दी है। पत्रावली के अवलोकन तथा तहसीलदार करेड़ा के प्रत्युत्तर पर चिंतन एव मनन किया प्रार्थी द्वारा प्रतिवादी की आराजी में से रास्ते हेतु भूमि चाही गई परन्तु प्रतिवादी की आराजी विक्रय होने तथा नये खातेदार के पक्षकार नहीं होने से प्रार्थनापत्र पोषणीय नहीं रहा। अतएव

आदेश

प्रार्थना पत्र व तहसीलदार करेड़ा द्वारा पेश मौका रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी द्वारा चाहे गये रास्ते की भूमि विपक्षी द्वारा विक्रय करने तथा उस भूमि में पूर्व में कोई रास्ता नहीं रहने से प्रार्थी का प्रार्थनापत्र खारिज किया जाता है।

पत्रावली दर्ज रजिस्टर से कम की जाकर फैसल शुमार हो।

निर्णय आज दिनांक 15.05.2018 को विवृत कैम्प स्थल पर सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी पदेन
सहायक कलक्टर, करेड़ा

उपखण्ड अधिकारी पदेन सहायक कलक्टर
करेड़ा जिला भीलवाड़ा

Scanned by CamScanner